आर्योदय

ARYODAYE

LET US LOOK AT EVERYONE WITH A FRIENDLY EYE

- VEDA

Weekly Aryodaye No. 519 ARYA SABHA MAURITIUS 24th Aug to 31st Aug 2021

Arya Bhawan, 1 Maharshi Dayanand St., Port Louis, Tel : 2122730, 2087504, Fax : 2103778, Email ID : aryamu@intnet.mu

एतावानस्य महिमातो ज्यायाँश्च पूरुषः ।
पादोस्य विश्वा भूतानि त्रिपादस्यामृतं दिवि ।।

यजु० ३१/३

एतावनस्य महिमातः – उनके बनाए हुए ब्रह्माण्ड से भी उनकी महिमा श्रेष्ठ है ।
ज्यायाँश्च पूरुषः – वे परमात्मा बहुत बड़े हैं।
पादोस्य विश्वा भूतानि – यह देखने वाला संसार तो उन्हीं परमात्मा का एक अंश है।
त्रिपादस्यामृतं दिवि – वे परमात्मा द्यौ और पृथिवी स्वरूप तीन अंशों वाले अमर सत्ता हैं ।

हिन्दी में यजुर्वेद
अनुवादक : पंडित राजमन रामसाहा

From the Chief Editor's Desk

Thought of the week

"One should always do everything according to the dictates of Dharma, i.e., after due reflection over right and wrong."

Maharshi Dayanand Saraswati

Towards A Meaningful Life

The month of *Shravan* gives us the opportunity to give expression to our spiritual self. It is a time to re-invent ourselves. We have to look deep inside ourselves and to consider our environment. The Atharva Veda states –

Yadyekavriṣhosi srijārasosi.

(Atharva Veda 5/16/1)

The English rendering of the above mantra reads thus –

"O man!
If you have acquired power
Through divine knowledge of the One God
Then do some constructive useful work
For the good of humanity,
Otherwise you are useless and wretched
Good for nothing
And your grand human birth
Is of no avail"

The human being is a social animal. In our daily activities we come across other human beings and interact with them. We cannot expect the same pattern of behaviour from everyone. The world is peopled by different kinds of individuals. Some are very nice people while others are disagreeable. There are still others who care only about themselves and are unconcerned about the plight of others. People are good, altruistic, trustworthy, genuine and considerate. They are also selfish, jealous, envious, bad, inconsiderate and unreliable. At times the good, the bad and the ugly are to be found in the same individual.

When we look at life and the human condition we cannot delineate it in black (what is evil) and white (what is good). It would be too easy to do so. There are also shades of grey we have to contend with. And thus goes life.

The Paradoxes of Life

Life smiles at us on one side while, on the other death is awaiting us. Life is brief. Other people who are crippled and bedridden for various reasons claim that life lingers. There are individuals who die at a young age in accidents due to irresponsibility. Life is indeed full of paradoxes.

Our life is sacred. Some people rightly consider it as a gift of the Supreme Being. Our sacred texts teach us how to make good use of this gift while our sages and seers interpret these teachings and bring them to our level. Regardless of our social status, we have to adopt a code of conduct, which is not necessarily rigid in our activities and our attitude to others.

Another Pattern of Behaviour

During this sacred month, the opportunity is given to us to adopt a new code of conduct which will benefit us. We, for example, become cautious about our health, what we do, how we speak and behave towards people in our immediate surrounding or those we meet on rare occasions. We have to respect ourselves and treat others with due respect.

In fact, the teachings we are exposed to during the *Shravan Mās* are meant to enable us to bring forward what is good in us. It is no doubt advantageous to us first and, through our behaviour, others will draw benefit from it, too.

If we cast a glance at what is happening around us, we find that a lot of violence is prevalent. Our sages and seers have interpreted these signs and have also gone to their source. They advise us, in no uncertain terms, to avoid this violent attitude which harms us and our environment.

Life is a Mission

The month of Shravan focuses on all aspects of life which are considered good and contribute to the welfare of one and all. Our society is affected by evils which render living an unenviable experience for some people. They, too, are children of the Almighty and we should not be indifferent to their plight. During this holy and pious month we have to move from our petty selves to meet others who are less fortunate than we are.

We should consider life as a mission. It should be used to help others, to understand them, to help them improve the situation they find themselves in at times through their fault and at times despite themselves. We must not judge others for we have our weaknesses, too. To put it succinctly, we have to be aware of the messages which are inherent in the Vedas for our own welfare and that of others.

Global Warming

In this connection, we have to be also conscious of the effects of global warming on our environment. If the necessary steps are not taken to control its causes the coming days will be hard for humankind. As things stand, we have the examples of recent floods and forest fires to warn us of what is in store. At our individual level, we should do our best to keep our immediate environment clean. It requires only some goodwill and some effort on our part.

O.N. Gangoo

सम्पादकीय

जन-गणना की एक झाँकी

हमारी सरकार प्रति वर्ष Mauritius Statistics के ज़रिए देश की आबादी के सम्बन्ध में जानकारी लेती रहती है, ताकि वह सभी नागरिकों की सुरक्षा और उनके भावी जीवन की वार्षिक योजना तैयार कर सके एवं देश में जन्म लेने वालों और मृत्यु प्राप्त करने वालों के सम्बन्ध में रूपरेखा मिल सके ।

हम इस देश के नागरिक हैं। हमें भी जनगणना के सम्बन्ध में अपनी रुचि दिखानी चाहिए, ताकि देश की परिस्थिति की जानकारी प्राप्त होती रहे । मॉरीशस एक बहुजातीय देश है। हर एक जाति का अपना धर्म, अपनी संस्कृति-सभ्यता और भाषा है। हमें उन सभी का आदर-सम्मान करते हुए आपसी मेल-मिलाप के साथ सर्वोन्नति का ध्यान देकर जीने की आदत डालनी चाहिए। इसीलिए Mauritius Statistics की वार्षिक रिपोर्ट पर ध्यान देना हमारा कर्तव्य है।

गत जुलाई महीने में सन् २०२० की Statistics रिपोर्ट प्रकाशित हुई थी, उस रिपोर्ट के अनुसार यह पता चला है कि गत वर्ष हमारे देश में जनसंख्या बारह लाख पैंसठ हज़ार सात सौ चालीस (१,२६५,७४०) थी, जिनमें ६३९,७१२ महिलाएँ और ६२६,०२८ पुरुष थे। इस आँकड़े के अनुसार पुरुषों से अधिक महिलाएँ हैं ।

उम्र के हिसाब से विभाजन इस प्रकार किया गया है –

१० से कम उम्र वाले पुरुष ६७,९०५ और महिलाएँ ६५,५४७
१० से १९ वर्ष वाले पुरुष ९०,२८६ और महिलाएँ ८७,७१५
२० से २९ वर्ष वाले पुरुष ९८,१२८ और महिलाएँ ९५,६५९
३० से ३९ वर्ष वाले पुरुष ८९,०५८ और महिलाएँ ८६,६७३
४० से ४९ वर्ष वाले पुरुष ८९,९९४ और महिलाएँ ८७,६६३
५० से ५९ वर्ष वाले पुरुष ८८,३५६ और महिलाएँ ८९,९८२
६० से ६९ वर्ष वाले पुरुष ९३,१४४ और महिलाएँ १०९,७६०
७० से ऊपर वाले पुरुष ९,१५४ और महिलाएँ १६,७१६



गत वर्ष २११६ महिलाओं के प्रति पुरुषों द्वारा घरेलू हिंसा की गई थी और ३०९ महिलाओं ने पुरुषों के प्रति घरेलू हिंसा की थी।

३३% पुरुषों ने अपनी पत्नी के प्रति मौखिक हिंसा की थी। ३२% पुरुषों ने अपनी पत्नी को मारा था। ८.७% ने अपनी पत्नी को बुरा-भला कहकर उनकी बेइज्ज़ती की थी और ३.२% घर के अन्य जनों ने किसी-न-किसी प्रकार की घरेलू हिंसा की थी । इसी प्रकार पुरुषों के प्रति ३३% महिलाओं ने मौखिक हिंसा की थी। १९.२% महिलाओं ने अपने पति को मारा था और १०% अन्य रिश्तेदारों ने घरेलू हिंसा की थी। गत वर्ष ८७% महिलाओं के प्रति घरेलू हिंसा की गई थी और १२.७% पुरुषों के प्रति हुई थी।

जन-गणना से पता चलता है कि हमारे देश में महिलाओं की ज़िन्दगी पुरुषों से अधिक लम्बी होती है ।

मृतकों की संख्या में गत वर्ष ६१८६ पुरुष थे और ४८७४ महिलाएँ थीं।

गत वर्ष जीविका के लिए ३३६,६०० पुरुष अपने कार्यक्षेत्र में थे और २३३,५०० महिलाएँ थीं।

हमारे देश में नागरिकों की मृत्यु के मुख्य कारण मधुमेह (Diabetes), रक्तचाप (Hypertention) और दिल की बीमारी (Heart Disease) है । लगभग ३२% लोग इन्हीं बीमारियों से मौत के शिकार हो जाते हैं। अतः हमें अपने खान-पान, रहन-सहन एवं स्वास्थ्य-रक्षा पर विशेष ध्यान देना चाहिए।

देश के नागरिकों की जीवन-झाँकी परख कर अपना जीवन सुधारने के लिए प्रतिवर्ष की जनगणना रिपोर्ट जानना अति आवश्यक होती है ।

बालचन्द तानाकूर

LE RATIONALISME DU CULTURE VEDIQUE

Naraindre Ghoorah, P.M.S.M., Arya Bhushan

Chaque religion a une certaine forme d'adoration de Dieu. La Religion Védique est une religion où la science et la philosophie jouent un rôle très important et où la superstition n'as pas sa place. Si quelqu'un adore Dieu, ce n'est pas pour rendre gloire à Dieu ou que Dieu bénéficie de ses prières en quelque sorte, mais il le fait pour son propre bien-être, sécurité, progrès et prospérité, et aussi pour la purification de son âme afin de recevoir la bénédiction suprême de Dieu - le bonheur éternel (*moksha*)

C'est une idée totalement fausse de croire que l'adoration de Dieu par l'homme lui (à Dieu) apporte la gloire, car Dieu lui-même est tout-glorieux. (Il possède toute la gloire et n'en a pas besoin davantage). Même la supplication et les prières des fidèles n'apportent rien à Dieu.

En outre l'adoration d'une image physique ou d'une idole de Dieu n'exauce pas ou ne peut jamais matérialiser les vœux ou la supplication des fidèles. C'est parce que Dieu est incorporel, informe, omniprésent et pénétrant tout. Il n'a ni image et ni idole pour le substituer (remplacer). Celui qui crée un substitut de Dieu comme un objet d'adoration a tort. Il doit chercher à savoir les attributs de Dieu et à la suite il se ravisera et adorera le vrai Dieu incorporel, omniprésent, tout-puissant et le Maître Suprême de l'univers.

Sachons que l'adoration de Dieu est un désir ardent de spiritualité provenant de notre âme pour entrer en communion parfaite avec Lui.

Avant tout, l'adoration des idoles n'est pas une adoration correcte de Dieu et n'est pas conforme aux enseignements des Vedas, nos livres sacrés, où il y a plusieurs versets à ce sujet. Pour le besoin de notre thème nous allons citer quelques bribes de quelques-uns de ces versets:

1. **« Na tasya pratimaa ast asti »** :
   Yajur Véda 32/8
   Signification : Dieu n'a pas d'idole.
2. **« Akaayama »** : Yajur Véda 40/8
   Signification : Dieu est incorporel.
3. **« Adrishtataa »** : Rig Véda 1/187/70
   Signification : Dieu est invisible, omniprésent et pénétrant tout.

A la lumière des assertions de nos livres sacrés, il ne faut pas aller chercher Dieu dans tous les coins du monde, car, de par son omniprésence et d'autres attributs, il est présent partout et en nous, c'est-à-dire, dans notre âme et dans notre pensée. Il nous voit et il est au courant de toutes nos actions (*Karma*).

Selon les Vedas et l'enseignement du Swami Dayanand Saraswati, le fondateur de l'Arya Samaj, l'adoration doit comprendre trois éléments clés suivants :

1. Stuti – le panégyrique – les paroles à la louange de Dieu, ayant pour toile de fond ses attributs. Ce sont des paroles sincères qui sont loin d'être des flatteries pour chercher des faveurs indues de Dieu.

2. Prarthanaa – la supplication, la prière de la part des fidèles pour demander la bénédiction et la protection de Dieu.

3. Upaasanaa - La communion avec Dieu est l'effort continue de s'approcher de Lui par la pratique du yoga pour le réaliser et l'atteindre.

Cette forme d'adoration est basée sur l'enseignement des vedas dont la connaissance a été transmise à l'homme pour son bien-être et son salut à la création du monde par Dieu en langue Sanskrite Védique (classique).

Cette connaissance provenant des Vedas n'a aucune histoire des rois, des reines, des tyrans et de leurs exploits, mais les paroles divines qui englobent toute la connaissance du monde. Elle est classifiée en quatre disciplines suivantes :

(1) *Jnaana* - la connaissance et la philosophie destinées à l'homme.

(2) *Karma* - les actions que l'homme doit entreprendre dans sa vie

(3) *Upaasanaa* - la dévotion, la prière, les rites, la spiritualité pour entrer en communion avec L'Etre Suprême afin d'atteindre le bonheur éternel (moksha).

(4) *Vijnaana* : la science et la connaissance générale qui sont très utiles à l'homme dans sa vie quotidienne.

contd. on pg 4

Swami Lacho Seewoosungkur, La gloire de L'Arya Samaj

-- Dr Indradev Bholah Indranath

Elle naquit le 15 Décembre 1924 à Crève-Cœur, Montagne Longue. Son père s'appelait Mandil Somaroo et sa mère Laxmi Bandhoo. Ils l'appelèrent Lacho. Celle-ci a deux frères et une sœur. Son père était cultivateur de son état et il avait sa plantation de légumes et de fleurs. C'est ainsi qu'il subvenait aux besoins de sa famille.

A cette époque Shri Mohunlall Mohithji enseignait l'Hindi dans un *pathshala (Baithkaa)* situé à L'Avenir, un village tout près de St Pierre. Les deux frères de Lacho - Mohanlal et Chabilal, s'y rendaient à pied pour apprendre Hindi. A leur retour ils apprenaient la langue Hindi à leur sœur -Lacho.

Lacho se souvient d'une fois qu'elle avait accompagné ses frères au *pathshala* de L'Avenir, elle rencontra Shri Mohunlall Mohithji et fit sa connaissance. Dès lors elle resta en contact avec lui. Au fil des années Shri Mohithji devint le mentor le plus vénérable de Lacho.

Malheureusement à l'époque où naquit Lacho la coutume de « *Bal Vivah* » (mariage des enfants) prévalait parmi les Hindous et elle fut mariée à l'âge de neuf ans. Mais ce mariage ne dura pas longtemps. Elle dut regagner le toit paternel. Son deuxième mariage eut lieu pendant son adolescence avec M. Manilall Seewoosungkur qui était beaucoup plus âgé que celle-ci et elle vint habiter avec lui à Plaines des Roches.

A cette époque lointaine, l'éducation des filles était un rêve. C'est grâce au mouvement de L'Arya Samaj que l'éducation des filles devint une réalité. Pandit Kashinath Kistoe, de L'Arya Samaj, Prof Basdeo Bissoondoyal et Shri Mohunlall Mohithji étaient les pionniers, suivi de Shri Nemnarain Gupta de l'Hindi "Pracharini Sabha, Brijnath Madho et autres qui prirent la relève pour enseigner les filles dans les « *baitkaas* ».

C'est grâce à cette initiative que Lacho put apprendre l'Hindi et s'instruire. Shri Nemnarain Gupta fut son premier guru. L'époux de Lacho, Shri Manilall l'encouragea beaucoup à apprendre l'Hindi et être au service de la société.

Shrimati Lacho était très reconnaissante envers Pandit Ramlagan Ramroop et également envers son fils Pandit Ramdeo Ramroop. Quand elle participait au Yajna et au Mahayajna, elle avait l'occasion d'écouter les discours et les sermons très inspirants des sages et des acharyas, des purohits de l'Arya Sabha Mauritius et cela laissait une impression profonde dans sa mémoire. Elle n'avait pas de mots pour exprimer sa reconnaissance envers Pandit Ramlagan et son fils. Ils ont aidé Lacho à faire le yajna convenablement, parler aux fidèles sur des thèmes de la spiritualité de l'âme et de la religion Védique. Elle apprenait aussi la musique et les chants pieux avec l'aide de Pandit Ramdeo Ramroop. Plus tard Lacho chantait et présentait même des chansons à l'occasion des mariages. Elle avait acquis une bonne connaissance de l'Hindi et elle avait écrit plusieurs chansons et prières.

contd. on pg 3

भारत का स्वतन्त्रता दिवस

डॉ० माधुरी रामधारी, एम.ए., पी.एच.डी.

१५ अगस्त को हमारे पूर्वजों की मातृ भूमि भारत देश का स्वतंत्रता-दिवस मनाया गया। 'स्वतन्त्रता' शब्द में 'स्व' का अर्थ है 'अपना' और 'तंत्र' माने 'शासन'। जिस देश में अपना शासन होता है, उसे स्वतन्त्र देश कहा जाता है। भारत में लगभग २०० वर्ष अंग्रेज़ों का शासन था? ब्रिटिश राज्य से देश को मुक्त करने के लिए जिन वीरों ने अपना योगदान दिया, उन्हें इस शुभावसर पर याद करने का सुनहला अवसर होता है। इन्हीं वीर देशभक्तों में स्वामी दयानंद सरस्वती का नाम आदरपूर्वक लिया जाता है । भारत के स्वाधीनता-संग्राम में महर्षि दयानंद ने कैसी भूमिका निभायी ? आइए, विचार करें ।

स्वामी दयानंद किसी बंधन से न बंधने वाले या किसी के दबाव में न आने वाले स्वतन्त्र विचारक थे। वेदों की शिक्षा पर उन्हें पूर्ण विश्वास था। भारत में विदेशियों का शासन उन्होंने कभी स्वीकार नहीं किया । अपने देशवासियों को उन्होंने बताया कि यजुर्वेद के अनुसार एक आदर्श राष्ट्र के तीन गुण होते हैं – **स्वराजस्थ** - अर्थात् राष्ट्र स्वतन्त्र हो, **जनभृतस्थ** - अर्थात् जनता के लिए राष्ट्र हितकारी हो और **विश्वभृतस्थ** - अर्थात् विश्व-कल्याण के लिए राष्ट्र प्रयत्नशील हो ।

स्वामी दयानन्द ने समझाया कि राष्ट्र को यदि पहला गुण – **'स्वराजस्थ'** की प्राप्ति न हो, अर्थात् राष्ट्र जब तक स्वतन्त्र न हो, तब तक वह न जनता के लिए हितकारी बन सकता है और नाहीं विश्व के कल्याण के लिए कार्य कर सकता है । इसीलिए हर नागरिक का दायित्व है कि वह राष्ट्र की स्वतन्त्रता के लिए संघर्ष करे और हर संभव उपाय से देश की स्वतंत्रता की रक्षा करे ।

सन् १८५७ में भारत का पहला स्वतंत्रता-संग्राम हुआ, जिसमें झाँसी की रानी लक्ष्मीबाई, नाना साहब, तात्यां टोपे और देश के अनेक वीर सैनिकों ने मिलकर भाग लिया। संग्राम की गुप्त सभाओं में सम्मिलित होकर महर्षि दयानन्द ने वीर सेनानियों को मार्गदर्शन प्रदान किया । साथ ही, अपने प्रवचनों के माध्यम से उन्होंने जनता में राष्ट्रीयता की भावना जगाई और देश के लिए प्राण निछावर करने की प्रेरणा दी। १८५७ का स्वतंत्रता-संग्राम भले ही सफल नहीं हुआ, पर देशवासियों ने यह महसूस किया कि वे देश को बदल सकते हैं। संग्राम के बाद रानी विक्टोरिया ने घोषणा की कि भारतीयों के धार्मिक विश्वासों और पूजा-पद्धति पर अंग्रेज़ हस्तक्षेप नहीं करेंगे । इस घोषणा पर सभी भारतीय खुश हुए। किन्तु महर्षि दयानन्द घोषणा में छिपे भावों को तुरन्त समझ गए और उन्होंने जनता को सावधान करते हुए कहा कि *'प्रजा पर माता-पिता के समान कृपा, न्याय और दया दिखाने पर भी विदेशी राज्य पूर्ण सुखदायक नहीं है।'* सम्पूर्ण सुख तभी मिलता है जब अपने देश में अपना शासन हो ।

महर्षि दयानंद ने 'स्वराज्य' का नारा लगाया और यही नारा जनता के मन में धीरे-धीरे गूँजने लगा । आगे चलकर 'स्वराज' का यही नारा अलग ढंग से प्रस्तुत करते हुए बाल गंगाधर तिलक ने कहा – *'स्वराज हमारा जन्मसिद्ध अधिकार है और मैं इसे लेकर रहूँगा।'* भीकाजी कामा ने आह्वान किया – *"आगे बढ़ो, हम हिन्दुस्तानी हैं और हिन्दुस्तान हिन्दुस्तानियों का है।"*

स्वतन्त्रता संग्राम के सेनानियों ने महर्षि दयानंद के राष्ट्रीय विचारों के महत्व को पहचाना और उन विचारों को अपनाया। स्वतन्त्रता के जितने भी आन्दोलन हुए, उनके बीज महर्षि दयानन्द की पुस्तक 'सत्यार्थप्रकाश' में देखे जाते हैं । महात्मा गांधी ने स्वदेशी वस्तुओं के प्रयोग का आंदोलन चलाया। इस आन्दोलन के कई वर्ष पहले महर्षि दयानन्द ने 'सत्यार्थप्रकाश' में लिखा था – यदि परदेशी हमारे देश में व्यापार करेंगे, तो दरिद्रता और दुख के बिना दूसरा कुछ भी नहीं हो सकता।'

इसी विचार से प्रेरित होकर स्वतन्त्रता-सेनानियों ने विदेशी वस्तुओं का बहिष्कार करवाने का संकल्प किया। महात्मा गांधी ने नमक पर टैक्स लगाने के विरुद्ध जो अभियान चलाया वह भी महर्षि दयानन्द के इस विचार से प्रेरित था। महर्षि का कथन था – *"नोंन अर्थात् नमक के बिना दरिद्र का भी निर्वाह नहीं ..... वे मेहनत-मज़दूरी करके जैसे-तैसे निर्वाह करते हैं, उसके ऊपर भी नोंन पर कर्ज़ दंड तुल्य है।"*

स्वतन्त्रता संग्राम के नेता महात्मा गांधी की ही भाँति पंडित रामप्रसाद बिस्मिल, दादाभाई नौरोजी, स्वामी श्रद्धानंद, लाला लाजपतराय, वीर सावरकर आदि कई स्वतंत्रता-सेनानियों ने महर्षि दयानंद से देश-भक्ति की प्रेरणा प्राप्त की थी।

वीर भगतसिंह का जन्म आर्यसमाजी सिख परिवार में हुआ था। अतः जन्म से ही उन्हें देश-भक्ति का संस्कार मिला। दयानंद एंग्लो वैदिक स्कूल लाहौर में पढ़ाई के दौरान भगतसिंह ने ऋग्वेद का यह मन्त्र सीखा –

'प्रेह्य भीहि धृष्णुहि अर्चन्ननु स्वराज्यम।'

अर्थात् स्वराज्य का आदर करते हुए, हे सेनापति! तू शत्रु के सामने जा और उसे घेरकर नष्ट कर दे ।

ऋग्वेद का निर्देश अपनाते हुए ही वीर भगतसिंह ने 'इंकलाब ज़िंदाबाद' का नारा लगाते हुए पूरी बहादुरी से अंग्रेज़ों को ललकारा। ब्रिटिश सरकार ने भगतसिंह को फाँसी की सज़ा सुनाई, तो हँसते-हँसते भगतसिंह ने २३ वर्ष की आयु में देश के लिए अपने जीवन का बलिदान किया ।

महर्षि दयानंद ने जीवन भर वेद का यह संदेश दोहराया – **'सुजातासो जनुषा पर्शिनमातरो दिवो मर्या आ नो अछा जिगातन'** – अर्थात् सभी को अपने राष्ट्र की उन्नति के लिए प्रयत्न करना है । राष्ट्र का सम्पूर्ण कल्याण कैसे हो सकता है ? यही प्रश्न मोहनलाल विष्णुदयाल पांडिया ने महर्षि दयानन्द से पूछा, जिसके उत्तर में महर्षि ने कहा – *'एक धर्म, एक भाव और एक लक्ष्य बनाए बिना राष्ट्र का पूर्ण हित असंभव है।'*

पाठको, भारत के सभी निवासियों ने एक साथ मिलकर स्वतंत्रता के लिए संघर्ष किया, तभी १५ अगस्त १९४७ को भारत देश स्वतन्त्र हुआ। इस स्वतन्त्रता की रक्षा भी एकता से ही हो सकती है । हमारी ईश्वर से विनती है कि वेद के आदेशों और महर्षि दयानंद के प्रवचनों का प्रभाव भारत देश पर सदा रहे और यह राष्ट्र उन्नति के शिखर तक पहुँचे ।

contd. from pg 2

Swami Lacho Seewoosungkur, La gloire de L'Arya Samaj

Elle accompagnait Pandit Ramdeo quand il se rendait à plusieurs parties de l'île Maurice où il y avait des activités telles que le *Yajna*, le *Mahayajnas*, les sermons entres autres dans les branches de L'Arya Sabha.

Or, un jour où elle avait accompagné Pandit Ramdeo Ramroop à L'Arya Samaj de Piton, après le Yajna le Président du Samaj lui demanda de s'adresser à l'assistance sur un thème de la religion védique. Elle était prise de court. C'était son premier discours, au pied levé, en d'autres mots, son baptême de feu devant une grande assistance, comprenant des purohits, des acharyas et les dirigeants de l'Arya Sabha Mauritius.

Tout d'abord elle hésita un peu, ne sachant que dire, mais elle garda son sang-froid et elle réfléchit un peu. Soudain l'idée lui vint sur un thème qui servait à cette occasion à cause de sa pratique de s'adresser au Mahila Samaj de son village. Elle retrouva son calme et commença à parler à son aise sur le thème à la satisfaction de tout le monde. Ce fut un franc succès pour elle.

Swami Lacho me connaissait car nous nous sommes rencontrés chez Pandit Ramlagan an cours de Mahayajnas. Un jour elle me rendit visite. Au cours de notre conversation elle me demanda d'écrire sa biographie et je l'acceptai très volontiers.

A la suite, je me suis mis en contact avec des Arya Samajistes tels que le Dr Oudaye Narain Gangoo, Shri Satterdeo Peerthum, Pandit Dharmendra Reechaye et Mme Dhanwantee Ramchurn qui ont tous contribué des articles. Ainsi j'ai pu publier sa biographie et c'est Arya Neta Dr Oudaye Narain Gangoo qui avait édité le texte. Le lancement de ce livre eut lieu à l'Arya Samaj de Plaines des Roches sous la présidence du Dr Gangoo.

Evidemment c'est un ouvrage mémorable.

Durant sa carrière sociale Shrimati Lacho devint si populaire que le Dr Sir Seewoosagur Ramgoolam, le Premier Ministre de l'île Maurice d'alors, qui appréciait son travail, entretenait une bonne relation avec elle, l'avait même demandé de soutenir son « Labour Party » dans l'élection générale. Ayant remporté l'élection le Dr Ramgoolam, l'honora et lui octroya le titre de M.B.E.

Ce fut la première dame hindoue à recevoir cet honneur. Récemment l'Arya Sabha Mauritius l'honora avec le titre de L'Arya Bhushan.

Etant très pieuse, après la mort de son époux, elle opta pour l'ordre de Sanyas Ashram et devint la première Sanyasini de L'Arya Sabha Mauritius. Son nom restera gravé pour toujours dans l'histoire de l'Arya Samaj de L'île Maurice.

उत्तर प्रान्त में श्रावणी यज्ञ की रजत जयंती

विष्णुदेव बिसेसर, पी.बी.एच, आर्य भूषण

२७ अक्तूबर को **स्वामी अखिलानन्द जी महाराज** का पदार्पण मॉरीशस की धरती पर हुआ था। स्वामी जी हिन्दी, उर्दू और अंग्रेज़ी के प्रकाण्ड विद्वान् थे, जो सर्वत्र वेद प्रचार करते थे।

१४ जून १९६४ में त्रिओले गाँव में एक आर्य मंदिर का निर्माण होने जा रहा था। उस मंदिर का शिलान्यास स्वामी जी के कर-कमलों द्वारा किया गया था और एक विशाल यज्ञशाला भी बनायी गयी थी, जिसमें श्रावणी का प्रथम ब्रह्मवेद-पारायण-महायज्ञ का शुभारम्भ हुआ था। मॉरीशस में वह यज्ञ सुबह-शाम एक मास तक चलता रहा और कुछ वर्षों बाद देश के सभी प्रान्तों में आर्य सभा मॉरीशस के तत्वावधान में यह श्रावणी यज्ञ होने लगा। मगर बहुत कम लोग जुटते थे, क्योंकि श्रावणी पर्व लोकप्रिय नहीं हुआ था।

१९९४ में परिषद् में हमने एक प्रस्ताव रखा कि हम इस पर्व को पूरे श्रावण महीने में मनायेंगे, जिसमें यज्ञ श्रावणी मन्त्रों से होगा। ओ३म् का झण्डा फहराया गया। संयमी व्रत धारण करेंगे और घर-घर यज्ञ करेंगे। परिषद् की ओर से यह पास हो गया। पण्डित शिवशंकर रामखेलावन जी मुख्य पुरोहित थे साथ में हमारे पंडित धर्मेन्द्र रिकाई जी, पं० सूरुज नोयन जी, पंडिता सुरेशा बहोरण जी, पंडित भन्जु जी आदि । इस परिषद् के प्रधान श्री विष्णुदेव बिसेसर मन्त्री, श्री सुभाष रामधन जी और मन्त्री श्री सुरेशा कन्हाइसिंह जी थे। आर्य सभा मॉरीशस के प्रधान श्री श्रद्धानन्द रामखेलावन जी थे, जिनसे हमें बहुत सहयोग मिला था और मन्त्री मूलशंकर जी थे। इसमें मैं मोती प्रोआग जी का बहुत उपकार मानता हूँ कि उनकी कृपा से यह पूरे देश में सुगंध की तरह फैल गया। मेरा एक परिपत्र जवानों के पास आ गया। (श्रावण मास हज़ारों कापी करके बाँटा था, धन्य हो प्रभु)

इस प्रान्त में यह यज्ञ इतना लोकप्रिय हो गया कि मदिरा पान की दुकान बन्द करनी पड़ी। यह मोरल गाँव तपोवन बन गया था। पेचित राफ़े, ग्राँबे, गुडलेन्ड्स आदि में सुबह-शाम यज्ञ का वातावरण छा गया था। उसी समय आचार्य बिटुला जी अपनी बहन के यहाँ आते थे और उनका भाषण चलता था। आज धन्य है आर्य नेता डॉ० उदयनारायण गंगू जी और उस समय के सदस्य, जिन्होंने इस यज्ञ को लोगों में प्रचलित करने में अनेक सहयोग दिये। रेडियो पर सुबह-शाम सूचना मिलती रही । आर्योदय में भी सूचना दी गयी।

भारत से अनेक विद्वान्, महात्मा, स्वामी आने लगे और देश में एक नई जागृति पैदा हो गई। संकेत करने की बात है, २०१९ कोविद के बाद २०२० श्रावण मास में यह प्रतिबन्ध हटाया गया था। इस वर्ष भी शिवरात्रि से इस श्रावणी मास तक प्रतिबन्ध हटाया गया है । यह है यज्ञ की करामत। यज्ञ ही सर्वेश्रेष्ठ कर्म है ।

वेद-मास के परिप्रेक्ष्य में

सत्यदेव प्रीतम, जी.ओ.एस.के., आर्य रत्न, सहसम्पादक

वैदिक संस्कृत से लौकिक संस्कृत बनी है। इसी लौकिक संस्कृत से सारे संसार की भाषाएँ बनी हैं। परमेश्वर की दी हुई भाषा वैदिक संस्कृत है। इसी भाषा में सारे मन्त्र हैं। केवल वेद में मन्त्र हैं। मन्त्र ईश्वर का दिया हुआ है। जो मन्त्र सृष्टि के आरम्भ में मिले थे, वे पूर्ण थे, उनमें परिवर्तन नहीं होता । वे पूर्ण हैं । भगवान द्वारा बनाये गये सभी पदार्थ पूर्ण होते हैं, जैसे सूरज-चाँद-सितारे ले लीजिए। क्या सृष्टि के आरम्भ में परमात्मा ने जो सूर्य बनाया था, समय के बीतते उसमें कोई कमी आ गयी कि परमात्मा एक दिन निकालकर इस कमी की पूर्ति करे। कभी नहीं। यदि मन्त्र में कमी होती या परिवर्तन लाया जा सकता तो हज़ार वर्षों तक विदेशियों के हाथ में भारतवर्ष रहा । कितने ग्रन्थों में परिवर्तन ला दिये गये। अपना उल्लू सीधा करने के लिए । जैसे गीता ग्रन्थ में भारत के लोगों ने ही अपने सिद्धान्त की पुष्टि के लिए, *'यदा यदा ही .....'*, जब धर्म की हानि होती है तो भगवान् जन्म लेता है। ऐसी बातें जोड़ दीं ।

महाभारत से पहले ही भारतवर्ष में पतन की शुरुआत हो गयी थी। बहुत से लोगों का कहना है कि महाभारत के बाद पतन होना शुरू हुआ। हमारा विचार है कि महाभारत से पहले और महाभारत के काल में महिला का चीरहरण होता है। जुआ खेला जाता है और दाव में अपनी पत्नी को रखा जाता है। ये महाभारत के बाद की बात नहीं है। भाई-भाई में फूट, योगीराज श्री कृष्ण जैसे महात्मा की सलाह को न मानना। द्रोणाचार्य जैसे गुरु एवं भीष्म पितामह जैसे महान् पुरुष को अन्यायियों के पक्ष में होना आदि ये सब महाभारत के बाद की बात नहीं थीं।

वैदिक धर्म के ह्रास के बाद भारतवर्ष में जितने मतमतान्तर बने सभी वेद के विरुद्ध थे और बहुत समय तक नहीं चल पाये – उदाहरण के तौर पर जैन और बौद्ध धर्म अन्ततोगत्वा भारतवर्ष से निर्वासित हो गये । उनके पैर नहीं जम पाये। क्यों ? क्योंकि वे दोनों वेद के न मानने वाले हुए।

अभी वर्त्तमान मोडर्ण भारत में १९वीं शताब्दी में जितनी सुधारवादी संस्थाएँ बनीं । प्रायः सभी कालकवलित हो गयीं। जो वेदानुसार था, स्वामी दयानन्द द्वारा स्थापित आर्यसमाज वह तो भारतवर्ष में पैर जमाये हुए है ही, भारत से बाहर देश-देशान्तर और द्वीप-द्वीपान्तर में भी फल-फूल रहे हैं, वेदों का प्रचार व प्रसार कर रहे हैं।

हम मॉरीशस में महीने दो-ढाई महीनों तक वेद-मास के नाम से श्रावणी पर्व मनाते हैं और वेद मन्त्रों की चर्चा करते हैं ।

दुनिया के पुस्तकालय में वेद सबसे पुराने ग्रन्थ माने जाते हैं। परमपिता परमात्मा ने जब इस वर्त्तमान सृष्टि की रचना की, तो सबसे पहले मानव को जन्म नहीं दिया। सबसे पहले प्रकृति को बनाया। पेड़-पौधे, लताएँ, सब प्रकार की घास, सब प्रकार के पशु-पक्षी, नदी-नाले, तालाब, पहाड़-पर्वत, पाँच तत्त्व – हवा, पानी, अग्नि, मिट्टी और शेष सब कुछ। तब अन्त में अपने प्रिय पुत्र-पुत्रियाँ – न बच्चे और न बूढ़े वरन् जवान रचे । यदि बच्चे बनाते तो देखभाल कौन करता, दूध कौन पिलाता आदि। यदि वृद्ध बनाते तो उनकी सेवा-शुश्रूषा कौन करता ? सभी को एक विशेष स्थान पर भेजा – स्त्री-पुरुष के संयोग से और अगर दो बनाते तो उनके बच्चे भाई-बहन होते तो अनैत्तिक सम्बन्ध करना पड़ता । इस लिए दो से अधिक बनाये । कितने बनाये होंगे इसका उत्तर मालूम नहीं ।

जैसे मानव की सृष्टि की, वैसे ही भाषा भी दी, जिसको वैदिक संस्कृत कहते हैं। अब जब भाषा दी तो विचार भी दिया। भाषा बिना विचार की नहीं हो सकती, इसी तरह विचार भी बिना भाषा का नहीं हो सकता ।

सृष्टि के आरम्भ में किसी भी चीज़ का ईज़ाद नहीं हुआ था। न कागज़, न स्याही और नाही कलम का। तो हम मानकर चलते हैं कि परमात्मा ने वेद में मंत्र दिये और मन्त्रों में विचार दिये। और अपने विचारों को प्रेषित किया चार प्रथम ऋषियों द्वारा, जिनको हम इस सृष्टि में अग्नि-वायु-आदित्य एवं अंगिरा के नाम से जानते हैं । परमात्मा ने उनके हृदय याने अन्तर्रात्मा में प्रेरणा दी और वे बोलने लगे उनके बाद के ऋषियों ने सुना और अपनी आवाज़ द्वारा सुनाने लगे और इस प्रकार 'सुनना और सुनाना' का सिलसिला बहुत दिनों तक चला होगा । जब तक कि लिखने की कला नहीं आयी होगी । चार ऋषियों द्वारा दूसरे ऋषियों ने सुना और सुनाया होगा । फिर गुरु-शिष्य-परम्परा शुरू हुई होगी, इसलिए वेदों को 'श्रुति' नाम से भी जानते हैं। आज भी वर्त्तमानकाल में अध्यापक कक्षा में पढ़ाना शुरू करता है, तो पहले मौखिक पाठ करता है । विद्यार्थी सुनते हैं और सुनकर समझते हैं फिर वे बोलते हैं, तब बाद में लिखते हैं।

सृष्टि के आरम्भ में मान लिया जाय, ऋग्वेद को लेलीजिए। पहला मन्त्र है – **अग्निमीले पुरोहितम्...** पहला अक्षर है – 'अ' । यह तो वैदिक संस्कृत की बात है। आज की भाषा हिन्दी, अंग्रेज़ी, फ्रेञ्च, उर्दू, ले लीजिए । अंग्रेज़ी में पहला स्वर है 'a' , फ्रेञ्च 'aa' , हिन्दी – 'अ', उर्दू भी 'अलीफ़', ग्रीक 'अल्फ़ा' ..... 'अ' ध्वनि से आरम्भ होता है ।

विनम्रता : एक विलक्षण मानवीय मूल्य

डॉ० शान्ति मोहाबीर, एम.ए., पी.एच.डी.

विनम्रता मानव चरित्र का सबसे सुंदर और अनमोल आभूषण है। यह व्यक्ति के व्यक्तित्व को निखारकर नई ऊँचाइयों पर आरूढ़ कर देती है। उसे मनुष्य से देवदूत बना देती है। आदमी भले ही परम ज्ञानी क्यों न हो, विनम्रता के बिना वह मुर्दा होता है, क्योंकि झुकने के लिए ज़िन्दा होना आवश्यक है। अकड़ केवल लाशों की शोभा है।

विनम्रता से जो व्यक्ति मुँह मोड़ लेता है, वह सज्जन नहीं, अपितु दुर्जन होता है। शिक्षित, परन्तु दुर्जन व्यक्ति मणिवाले साँप की भाँति घातक होता है। जिस प्रकार मणिवाला साँप डँसता है, उसी प्रकार विनम्रताहीन व्यक्ति हानि पहुँचाता है ।

विनम्रताहीन व्यक्ति शालीनताहीन और शिष्टताहीन भी होता है। उसे लगता है कि वह स्वयं समस्त कार्यों का कर्ता और धर्ता है और इस भ्रम में वह अपना सारा जीवन गँवा बैठता है। 'मैं' की भावना उसके सिर पर चढ़कर बोलने लगती है। वह अपने को कुएँ का मेंढक बना लेता है।

शेष भाग पृष्ठ ४ पर

In My View

Courage and Belief

As we move from one stage to another, we acquire experience. This continues till we breathe our last.

Some of the experiences leave wounds which heal but their scars last a lifetime.

We receive blows from quarters which are least expected. We have to put up with jealousy and backbiting. We accept losses. We realize how much someone means to us only when he/she has departed from this life. The value of something also dawns on us when we have lost it.

We manage to adapt ourselves to the new situations ever ready to face new hurdles. The majority of us refuse to give up. We are endowed with a courage that cannot be defined. It is linked with the belief that better days await us.

They begin only after the fection. Until then, we continue to advance for our own sake and that of those who have gained our affection.

We have a duty of memory towards those we have loved and lost and those who have been kind and understanding to us.

Memories accompany us so long as we are lucid. On departing we, too, leave a bit of ourselves in people's minds.

Mithyl Banymandhub

contd. from pg 2

LE RATIONALISME DU CULTURE VEDIQUE

Nos Rishis (les grands sages/savants) ont transformé ces paroles divines en écriture et ont pris le soin de produire quatre livres sacrés - les Vedas comprenant ces quatre disciplines, voire thèmes :
(a) ***Rig Veda :*** Thème - La connaissance et la philosophie.
(b) ***Yajur Veda :*** Thème - Les actions de l'homme sur la terre. (c) ***Saama Veda :*** Thème - La dévotion, la prière, les rites, la spiritualité de l'âme. (d) ***Atharva Veda :*** Thème - a science, la connaissance générale.

En outre dans sa vie l'homme doit constater de par son éducation, qu'il y a deux types de connaissance :
(i) **Paraa Vidyaa :** C'est la connaissance de la spiritualité de l'âme, la dévotion, la prière
(ii) **Aparaa Vidyaa :** La connaissance du monde matériel pour que l'homme puisse gagner sa vie.

Pour pourvoir à tous ses besoins l'homme dépend entièrement de la nature et de ses produits comme nourriture.

En conséquence cela peut susciter en lui, trois sortes de comportement ou d'attitudes suivantes envers son entourage:
(i) **Sattva guna :** Attitude - La bonté, la générosité, la magnanimité, l'intégrité, etc.
(ii) **Rajas guna :** Attitude - la passion, la fierté, l'ambition, l'orgueil, la convoitise, la violence, etc.
(iii) **Tamas guna :** Attitude – la pensée obscure, le vol, les crimes, l'ignorance, des actes repréhensibles, etc.

En ce cas l'enseignement de nos livres sacrés et notre pouvoir de discernement nous mènent à la décision logique d'arrêter notre choix sur Sattva Guna qui nous est salutaire et pas les autres attitudes qui sont fort condamnables.

Dieu a aussi ouvert deux voies (maarga) suivantes à l'homme sur la terre:
(1) **Shreya maarga:** la voie de la spiritualité de son âme et de son salut menant à la réalisation de Dieu.
(2) **Preya maarga :** La voie menant à la ruine par la jouissance de plaisirs sensuels et de tous les autres plaisirs du monde.

C'est à l'homme de choisir la voie de sa vie. Mais en toute logique, c'est l'homme bien - pensant qui choisira la bonne voie qui est ***Shreya Maarga***.

भारतवर्ष का तिरंगा झण्डा

पंडिता लीलामणि करीमन, एम.ए., वाचस्पति

गत १५ अगस्त को भारतवर्ष ने अपना ७५ वाँ स्वातन्त्रय-समारोह मनाया। भारतवर्ष का राष्ट्रीय झण्डा तिरंगा है। केसरिया रंग सबसे ऊपर, बीच में श्वेत रंग और नीचे हरा रंग है। इन तीन रंगों के उपरान्त 'अशोक चक्र' भी लगाया गया है । इन रंगों के पीछे जो भाव छिपे हुए हैं, वे निम्न प्रकार हैं – (१) केसरिया रंग त्याग-तपस्या का प्रतीक है। भारतवासियों ने विदेशियों का शोषण सहते हुए बहुत अत्याचार सहे। करोड़ों की संख्या में जानें गईं। विद्वान् नेता - सुभाषचन्द्र बोस, चन्द्रशेखर आज़ाद, युवा क्रान्तिकारी भगतसिंह, बिसमिल आदि अनेक भारत का स्वतन्त्रता-आन्दोलन चलाते हुए शहीद हुए। पर उनका त्याग, उनकी क्रान्ति, उनका पराक्रम रंग अवश्य लाया और १५ अगस्त १९४७ ई० को अन्तोगोत्वा भारतवर्ष स्वतन्त्र हुआ ।

एक दुख हरेक के अन्तर में सदा विद्यमान रहेगा कि पूर्व पाकिस्तान और पश्चिम पाकिस्तान स्वरूप भारत माता के दो हाथ कट गए । यह केसरिया रंग उन तमाम शहीदों की स्मृति में हमारे मानस पटल में सदा विद्यमान रहेगा । अर्थात् भविष्य में भी त्यागपूर्ण जीवन द्वारा अपने जीवन को सुखी बनाना होगा ।

श्वेत रंग - पवित्रता - शान्ति का प्रतीक है । देश में युद्ध-दंगा-फ़साद नहीं। उच्च-नीच, जाति-पाँति का भेद-भाव नहीं, अपितु सभी लोग मिल-जुलकर प्रेमपूर्वक व्यवहार करें और शान्तिमय वातावरण में राष्ट्र की उन्नति के लिए प्रयत्नशील रहें तथा शांति के साथ सभी मिल-जुलकर इस भूमि पर जीवन का आनन्द लेवें ।

तीसरा रंग हरा है, जो कि हरियाली का प्रतीक है । भारत-देश एक कृषि-प्रधान देश है और यहाँ पर सर्वत्र खेतों में हरियाली छायी रहती है । किसानों (कृषकों) के अथक परिश्रम से ही देश भर की जनता का भरण-पोषण होता है एवं विदेशों में अनाजों का निर्यात करके राष्ट्र की आर्थिक समृद्धि में अपना योगदान देते हैं। हरा रंग सुख-समृद्धि का प्रतीक है ।

चौथा चिह्न, 'अशोक-चक्र' बीच में लगा हुआ है। भाव यह है कि जिस प्रकार चक्र घूमता रहता है । उसी प्रकार पूरे देश की उन्नति-समृद्धि निरन्तर बढ़ती जाए। जनता अधिकाधिक सुख-शांति का अनुभव करे।

राष्ट्रीय ध्वज को लेकर भारतीय जनता ने एक अलग अर्थ भी लगाया है, यथा –
(१) ऊपर का जो केसरिया रंग है यह सिद्ध करता है कि यहाँ पर हिन्दू लोग बसते हैं और इस भूमि पर उनका पूरा अधिकार है ।

भारतवर्ष में जो ईसाई लोग हैं, वे कहते हैं, यह सफ़ेद रंग हमारा है। हम भी इस देश में बसे हुए हैं। अतः इस देश में शांति बर्क़रार रखने के लिए हम प्रयत्नशील रहेंगे ।

तीसरा रंग मुसलमानों के लिए है। वे भी लम्बी अवधि से यहाँ बसे हुए हैं। इसलिए उनका भी अधिकार बनता है कि वे इस देश में रहें और इस देश की उन्नति के लिए कार्यरत रहें ।

किन्हीं लोगों ने चक्र को अपना हिस्सा बना लिया और किन्हीं लोगों ने स्तम्भ को । अब शेष रह गई । डोरी के बिना झण्डा फहराना सम्भव नहीं है और यह हिस्सा रह गया है, आर्यसमाज के लिए। आर्यसमाज ने कहा – हमारे बिना राष्ट्र का हर कार्य रुका हुआ है, क्योंकि हमारे पास वेद है । **वेदोऽखिलो धर्म मूलम्** । धर्म का आधार वेद है। अतः वेद को आधार मानकर देश भर के लोग कार्य करेंगे तो सभी की उन्नति हो पाएगी। पूरा राष्ट्र समृद्ध हो पाएगा। जिस प्रकार डोरी के सहारे झण्डा ऊपर पहुँचकर आकाश में लहराने लगता है, उसी प्रकार राष्ट्र एकता की डोरी में बंधकर उन्नति के शिखर पर पहुँचकर पुनः विश्व गुरु कहलाएगा ।

पृष्ठ ३ का शेष भाग

विनम्रता : एक विलक्षण मानवीय मूल्य

विनम्रताहीन व्यक्ति कूपमंडूक की भाँति अपने इर्द-गिर्द दीवारें खड़ी कर लेता है और अपनी ऊर्जाओं को सीमित कर लेता है। वह अपने ही हाथों अपनी उन्नति के सभी द्वार बंद कर लेता है। अपने और परमात्मा के बीच कभी न हटनेवाला परदा खड़ा कर लेता है।

परन्तु विनम्र व्यक्ति अपने आपको परमात्मा के हाथ का यन्त्र समझता है । निःस्वार्थ भाव से परमात्मा के कार्यों को करता चलता है, क्योंकि उसे पता होता है कि परमात्मा की प्रेरणा के बिना उसका कोई अस्तित्व ही नहीं है। भगवत् गीता में श्री कृष्ण जी महाराज कहते हैं कि **निमित्त मात्रं भव सव्यसाचिन**। हे अर्जुन, हे सव्यसाची, तू निष्काम भाव से ईश्वर का कार्य करता चल। तू अपने दोनों हाथों का दक्षतापूर्वक प्रयोग करने में समर्थ है, इसलिए सव्यसाची कहलाता है । परन्तु स्मरण कर कि यह शक्ति तेरी अपनी नहीं है । सारी शक्तियों के दाता परमात्मा हैं। वही सारे कार्यों के कर्त्ता हैं, तू नहीं । इसलिए विनम्र भाव से तू अपने को बस निमित्त मात्र मान ।

सच ही तो है। हमारा क्या है? कुछ भी तो नहीं। जिसका दिया हुआ है, उसी को हमें सारा कुछ सौंपना है । इस भाव को दर्शाते हुए कवि कहता है कि –

मेरा मुझ में कुछ नहीं जो कुछ है सो तोर।
तेरा तुझको सौंपता क्या लागे है मोर ।।

केन उपनिषद् में एक अत्यंत ही सुंदर आख्यायिका आती है। उपनिषद् के ऋषि बताते हैं कि देवगण ब्रह्म की विजय को भूल से अपनी विजय समझकर अभिमान कर बैठते हैं। तब यक्ष के रूप में ब्रह्म प्रकट होते हैं। यक्ष की पहचान करने के लिए, देवगण सबसे पहले अग्निदेव को यक्ष के पास भेजते हैं । यक्ष के निकट पहुँचकर अग्निदेव अपना परिचय देते हुए कहते हैं कि, *'हे यक्ष, मैं अग्नि हूँ। मुझे जातवेदस् भी कहते हैं। मुझमें इतनी शक्ति है कि पृथ्वी पर जो कुछ भी है, मैं सबको जलाकर राख कर सकता हूँ ।'*

एक तिनका अग्निदेव के सामने रखते हुए यक्ष कहते हैं कि, *'इसे जलाकर दिखाओ।'* अग्निदेव अपनी पूरी शक्ति लगाकर तिनके को जलाने का प्रयत्न करते हैं । परन्तु नहीं जला पाते हैं। हार कर, अपनासा मुँह लेकर वे देवों के पास जाकर कहते हैं कि, *'यक्ष को पहचानने में मैं असमर्थ हूँ ।'* फिर देवगण वायुदेव को यक्ष के समक्ष भेजते हैं। वायुदेव को अपने सामने पाकर यक्ष पूछते हैं कि, *'तुम कौन हो ?'* और वायुदेव अपने अहम् का प्रदर्शन करते हुए उत्तर देते हैं कि, *'मैं वायु हूँ । मुझे मातरिश्वा भी कहते हैं। जो कुछ भी धरती पर है, मैं सबको उड़ा सकता हूँ ।'*

वायुदेव के आगे तिनका रखते हुए यक्ष कहते हैं कि, *'इस तिनके को उड़ाकर बताओ।'* वायुदेव अपना सारा बल तिनके को उड़ाने में लगा देते हैं, परन्तु उन्हें भी लज्जित होना पड़ता है, क्योंकि वे तिनका उड़ाने में असमर्थ होते हैं। देवों के पास लौटकर वे भी कहते हैं कि, *'मैं यक्ष का सत्य न जान सका ।'*

अन्त में देवगण, इन्द्रदेव से यक्ष के पास जाने का निवेदन करते हैं । इन्द्रदेव जब वहाँ पहुँचते हैं, तब यक्ष के स्थान पर उमा नाम की देवी उन्हें दिखाई पड़ती है और इन्द्रदेव उनसे पूछते हैं कि, **'किं एतत् यक्षम् इति ।'**

'हे देवी, वह यक्ष कौन था ?'

बुद्धि का प्रतीक उमा कहती हैं कि, 'वह यक्ष कोई और नहीं, बल्कि समस्त शक्तियों का स्रोत, ब्रह्म था। तुम देवों में जो भी शक्ति है, वह उसी ब्रह्म की दी हुई है। जब तुम लोगों से अलग होकर यक्ष रूप में वह शक्ति तुम्हारे आगे खड़ी थी, तब तुम लोग शक्तिविहीन हो गये थे। हे इन्द्र! संसार में जितने जड़ और चेतन पदार्थ हैं, वे सब परमात्मा की शक्ति से कार्य करते हैं । उसकी शक्ति को अपनी मान बैठना पाप है ।'

आख्यायिका के माध्यम से केन ऋषि शिक्षा देते हैं कि, जो जड़ बुद्धि होता है, वह परमात्मा की शक्ति को अहंकार-वश अपनी समझने की भारी भूल करता है। ऐसे अभिमानी निर्बुद्धि व्यक्ति को जीवन में लज्जित और पराजित ही होना पड़ता है। परन्तु जो व्यक्ति विनम्र होता है, वह ब्रह्म की शक्ति के आगे नतमस्तक होता है। उसे विद्या का आशीर्वाद प्राप्त होता है और उसे ब्रह्म का सान्निध्य मिलता है।

अग्निदेव और वायुदेव ब्रह्म के निकट आकर भी उन्हें पहचान न सके । उनके अहंकार ने उन्हें सत्य के दर्शन करने नहीं दिये। परन्तु विनम्रता से विभूषित इन्द्रदेव उमा के दर्शन पाते हैं । विद्या का प्रतीक उमा इन्द्रदेव को ब्रह्म की पहचान कराती है। विनयशील व्यक्ति सच्ची विद्या का अधिकारी होता है।

विनम्र व्यक्ति स्वीकारता है, झुककर नमन करता है। मृदुलता, कोमलता और समर्पण भाव को अपने व्यक्तित्व का आभूषण बनाता है ।

फलों से लदने पर वृक्ष भी झुक जाता है। सद्गुणों से अलंकृत व्यक्ति विनम्रता से झुक जाता है। जिस मनुष्य में असंख्य शक्तियों, प्रतिभाओं और क्षमताओं के साथ-साथ विनयशीलता भी होती है, वह महान् होता है । विनम्रता और महानता एक-दूसरे के पर्याय ही हैं। विनम्र व्यक्ति समाज और राष्ट्र की धरोहर होता है।

विनम्रता व्यक्ति के अंदर पात्रता का विकास करती है। विनम्र व्यक्ति में सद्गुण अपने आप आ जाते हैं। गड्ढों को पानी से भरना नहीं पड़ता है । उनमें स्वयं पानी बहकर जाने लगता है। गड्ढे, नदियाँ समतल भूमि से नीचे ही होती हैं। इसीलिए वे पानी के पात्र बनती हैं । उसमें स्वतः अच्छाई भर जाती है । इसके लिए उसे न प्रयास करना पड़ता है, न संघर्ष ।

विनम्र व्यक्ति भगवान् के विराट अस्तित्व को आत्मा से स्वीकारता है । वह स्वयं को परमात्मा के हाथों का यन्त्र बना लेता है । अपने को निमित्त मात्र समझकर परमात्मा को आत्म-समर्पण कर देता है ।

विनम्रता स्वयं से हमारा परिचय कराती है और आत्म-मूल्यांकन का अवसर प्रदान करती है । इसके रहते अन्य सारे मानवीय मूल्य स्वतः मुखरित होते जाते हैं। इसलिए विनम्र बनें और आनंद में रहें।

ARYODAYE
Arya Sabha Mauritius
प्रधान सम्पादक : डॉ० उदय नारायण गंगू, *पी.एच.डी., ओ.एस.के., जी.ओ.एस.के., आर्य रत्न*
सम्पादक : श्री बालचन्द तानाकूर, *पी.एम.एस.एम, ओ.एस.के., आर्य रत्न*
सह सम्पादक : श्री सत्यदेव प्रीतम, *बी.ए., ओ.एस.के, सी.एस.के.,जी.ओ.एस.के., आर्य रत्न*
सम्पादक मण्डल :
(१) श्री नरेन्द्र घूरा, *पी.एम.एस.एम, आर्य रत्न*
(२) प्रोफ़ेसर सुदर्शन जगेसर, *डी.एस.सी, जी.ओ.एस.के., आर्य भूषण*
(३) डॉ० विदुर दिलचन्द, *पी.एच.डी.,*
(४) डॉ० जयचन्द लालबिहारी,*पी.एच.डी,आर्य भूषण*
(५) *लीलामणि करीमन,एम.ए.,वाचस्पति*
इस अंक में जितने लेख आये हैं, इनमें लेखकों के निजी विचार हैं। लेखों का उत्तरदायित्व लेखकों पर है, सम्पादक-मण्डल पर नहीं ।
Responsibility for the information and views expressed, set out in the articles, lies entirely with the authors.
मुख्य सम्पादक
Printer : BAHADOOR PRINTING CO. LTD
Ave. St. vincent de Paul, Les Pailles,
Tel : 208-1317, Fax : 212-9038.